# **<u>प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 02 सितम्बर 2024</u>**

**(1) <u>माननीय राज्यपाल ने आज सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत रुगड़ी पंचायत, प्रखण्ड-ईचागढ़ में ग्रामीणों से संवाद किया।</u>**

**<u>राज्यपाल महोदय द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।</u>**

**<u>आप सभी को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिले, यह मेरा प्रयास है- राज्यपाल</u>**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत रुगड़ी पंचायत, प्रखण्ड-ईचागढ़ में ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनमानस के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। आप सभी के बीच इस आशय के साथ पहुंचा हूँ कि यह जान सकूँ कि आपको इन सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है अथवा नहीं? इन योजनाओं के प्रति आपकी राय

एवं सुझाव जानने आया हूँ। माननीय प्रधानमंत्री जी चाहते हैं कि आप सभी को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले, विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो उससे बताएँ ताकि सरकार व प्रशासन को इससे अवगत कराया जा सके और आपकी समस्याओं का निदान हो सकें।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि किसानों के लिए वर्तमान में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना', माताओं-बहनों के लिए 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' जैसी कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं। साथ ही सबका अपना घर हो, इस हेतु आवास योजना की भी सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार का मानना है कि आधी से अधिक बिमारी का कारण दूषित पेयजल है। इस परिप्रेक्ष्य में, केन्द्र सरकार द्वारा सभी को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने हेतु सक्रियता से कार्य किया जा रहा है।

राज्यपाल महोदय ने उक्त अवसर पर ग्रामीणों से संवाद के क्रम में विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उनकी समस्याओं को सुना। उक्त अवसर पर उनके द्वारा एक ग्रामीण महिला को प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन शीघ्र प्रदान करने हेतु निदेशित किया

गया। ग्रामीण महिला द्वारा अवगत कराया गया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ प्राप्त हुआ है, घर में शौचालय सुविधा भी है लेकिन खाना कैसे बनाती है, यह पूछे जाने पर कहा वे लकड़ी पर खाना बनाती है। एक ग्रामीण द्वारा रंगामाटी से सिल्ली तक फोरलेन सड़क नहीं बनने की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट किया। उक्त अवसर पर कुछ लोगों द्वारा ग्राम बसहातू में सड़क समस्या से अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि उनके गांव में सड़क सुविधा नहीं है, जिस कारण किसी के बीमार होने पर एम्बुलेंस सुविधा से भी वंचित रहते हैं। साथ ही, खाद्यान्न पदार्थ लेने जाने में भी समस्या होती है। राज्यपाल महोदय ने इसे गंभीरता से लिया। राज्यपाल महोदय के निदेश के आलोक में उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां द्वारा कहा गया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को आज उक्त ग्राम जाकर अवलोकन करने हेतु निदेशित किया गया। उक्त अवसर पर स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं ने कहा कि पूर्व में उनकी स्थिति अच्छी नहीं थी, लेकिन समूह से जुड़ने के उपरांत उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

उपायुक्त, सरायकेला-खरसावां ने स्वागत भाषण करते हुए कहा कि यह जिला कृषि प्रधान है। जिलान्तर्गत आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र है। यह जिला सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी

अत्यंत समृद्ध है। यहाँ के छऊ नृत्य कला की राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान है।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा सखी मंडल के सदस्यों के समूह के मध्य सीआईएफ के तहत चेक का वितरण करने के साथ-साथ लाभुकों के मध्य विभिन्न योजनान्तर्गत यथा उरद मिनी कीट(कृषि), मातृत्व प्रसूति प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र/पुत्री छात्रवृत्ति योजना (श्रम), प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, केसीसी, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री जनमन योजना, वनाधिकार पट्टा अधिनियम के तहत भूमि पट्टा का लाभ प्रदान किया गया।

**(2) <u>माननीय राज्यपाल ने आज पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत हुरलुंग पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद किया।</u>**

**<u>राज्यपाल महोदय ने विभिन्न योजनान्तर्गत लाभुकों के मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया।</u>**

**<u>योजनाओं का क्रियान्वयन सही से एवं गुणात्मक हो, ये जिम्मेदारी आप सब लोगों की भी है- राज्यपाल</u>**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत हुरलुंग पंचायत भवन में ग्रामीणों को संवाद करते हुए कहा कि मैं आप सभी से यह जानने आया हूँ कि आपको विभिन्न योजनाओं का लाभ सही से मिल रहा है अथवा नहीं। राज्यपाल महोदय ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही से एवं गुणात्मक हो, ये जिम्मेदारी आप सबकी भी है। किसी  भी योजना के लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराना चाहिये, ताकि आपकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। राज्यपाल महोदय ने कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का आप सबको पूर्णतः लाभ मिले। सभी पात्र लोगों

को आवास योजना का लाभ मिले, सबके घर में शौचालय सुविधा हो। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा जनमानस हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, योजना के लाभ की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जाती है। उन्होंने कहा कि सबको स्वच्छ पेयजल मिले, सभी के घर में नल से जल की आपूर्ति हो, इसके लिए सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर्ष का विषय है कि राज्य की महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ रही हैं और स्वावलंबन का जरिया बना रही है तथा उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

संवाद के क्रम में राज्यपाल महोदय के समक्ष एक ग्रामीण महिला ने आवास समस्या संबंधी समस्या से अवगत कराया। राज्यपाल महोदय ने उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम को उक्त महिला को शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित करने हेतु निदेश दिया। उक्त अवसर पर बुनकर समूह के सदस्यों ने संवाद के क्रम में कहा कि अभी इससे जुड़कर 4000-4500 से आय प्राप्त होती है, लेकिन उत्पाद की बिक्री हेतु उचित बाजार की आवश्यकता है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। पंचायत की मुखिया श्रीमती लीला मुण्डा ने पंचायत में विभिन्न योजनाओं की स्थिति के संदर्भ में अवगत कराया।

राज्यपाल महोदय द्वारा उक्त अवसर एक नवजात शिशु का अन्नप्राशन किया गया। इसके अतिरिक्त राज्यपाल महोदय ने सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, पेस्टिसाईड स्प्रे योजना, मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पीएम जनमन योजना के लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त सखी मंडल के सदस्यों के समूह के मध्य चेक का वितरण किया गया। उनके द्वारा छात्र/छात्राओं के मध्य साईकिल का वितरण किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने वहाँ ग्रामीणों द्वारा निर्मित उत्पादों को भी देखा तथा प्रोत्साहित किया।

राज्यपाल महोदय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

(3) **<u>माननीय राज्यपाल ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत बड़ा गुन्टिया पंचायत, प्रखंड- खूंटपानी में ग्रामीणों से संवाद किया।</u>**

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत बड़ा गुन्टिया पंचायत, प्रखंड- खूंटपानी में लोगों से संवाद करते हुए कहा कि लोगों के विकास हेतु विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाएँ पूरे देश में संचालित है। सरकार चाहती है कि देश का हर नागरिक प्रगति करें। वे अच्छा जीवनयापन करें। इसलिए आवश्यक है कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को सुलभ हो। उन्होंने संवाद के क्रम में लोगों से स्वच्छ पेयजल, एलपीजी गैस कनेक्शन की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लोगों से आवास योजना की उपलब्धता के संदर्भ में चर्चा करते हुए निर्मित आवास की गुणवत्ता के संदर्भ में भी पृच्छा की।

संवाद के क्रम में एक ग्रामीण महिला द्वारा राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा गया कि पुटीदा ग्राम में जलमीनार से पानी निरन्तर गिर रहा है। राज्यपाल महोदय ने इसे गंभीरता से लेने एवं जाकर अवलोकन करने हेतु निदेशित किया।

राज्यपाल महोदय को संवाद के क्रम में स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा बताया गया कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने पर लाभ हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि मनरेगा में महिलाओं को मेट बनने का अवसर प्राप्त हो रहा है, ये हर्ष का विषय है।

उक्त अवसर पर सखी मंडल के दीदियों के मध्य चेक वितरण करने के साथ छात्राओं के मध्य साइकिल वितरण किया गया तथा विभिन्न योजनान्तर्गत लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। राज्यपाल महोदय ने जिले में तीरंदाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पारितोषिक राशि प्रदान किया।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा वहाँ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।

---